दिनांक 21.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने मैराथन बजट बैठक में व्यय पर चर्चा निगम आयुक्त श्री के0लए0 चौहान की उपस्थिति में ली गई

भिलाईनगर/निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा वर्ष 2016–17 का संसोधित बजट बैठक आज महापौर के समस्त सदस्य, निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान एवं समस्त विभाग प्रमुख की उपस्थिति में ली। बजट बैठक में सर्वप्रथम पेयजल व्यवस्था हेतु बिछाई जा रही पाईप विस्तारीकरण राशि का मद परिवर्तन कर संधारण कार्य कराया गया, तथा 9 करोड़ की राशि के विद्युत व्यय, अस्थाई अग्रिम दस्ती रसीद, के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी चाही गई जिस पर संबंधित अधिकारियों के द्वारा संतोष जनक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर महापौर ने सक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए पूर्ण जानकारी आज ही बैठक के दौरान प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक शाम 4:30 बजे से प्रारंभ हुई जो देर रात तक जारी है।

आज महापौर परिषद की बैठक में संसोधित बजट में व्यय के संबंध में चर्चा प्रारंभ हुई महापौर एवं महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा विभागवार की गई खर्च की राशि के संबंध में बिन्दुवार जानकारी ली गई जिस विभाग प्रमुख के द्वारा जानकारी अधुरी प्रस्तुत की गई थी उन्हे पूर्ण जानकारी आज ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संबंधित अधिकारियों के द्वारा जानकारी तैयार करने में जुटे रहे तथा जिनकी जानकारी पूर्ण हुई वे महापौर को सौंपे गये । विगत 5–6 दिनों से बिन्दुवार चर्चा उपरान्त संबंधित अधिकारियों को विषयवार जानकारी उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया था। कुछ विभाग की जानकारियां प्रस्तुत की गई थी शेष विषयों पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी इस संबंध में निगम महापौर द्वारा निगम के समस्त विभाग प्रमुखों को सक्त निर्देश दिया गया था।

महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आम नागरिकों को सरलता पूर्वक पेयजल मिल सके इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही पाईप लाईन विस्तारीकरण का भुगतान मद परिवर्तन कर संधारण कार्य में खर्च कर दिये जाने पर सक्त नाराजगी व्यक्त किये तथा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल प्रदाय के संबंध में नवनिर्माणाधीन पानी टंकी, फिल्टर हाउस, 77 एमएलडी, एनीकेट, से हो रही जल व्यवस्था के संबंध में अमृत मिशन के नोडल अधिकारी से इस योजना के माध्यम से आम लोंगो को पानी कब तक प्रदाय किया जावेगा इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निगम महापौर ने विभाग प्रमुखों के द्वारा समय–समय पर ली गई अस्थाई अग्रिम राशि एवं दस्ती रसीद के माध्यम से की गई खर्च की राशि के विस्तार पूर्वक जानकारी देने के निर्देश दिये इस संबंध में अधिकारियों द्वारा बैठक स्थल पर ही नस्तियां मंगाकर जानकारी तैयार की जा रही है पहले से जानकारी तैयार कर प्रस्तुत नहीं करने के संबंध में महापौर श्री यादव ने निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान को निर्देशित किया कि इन अधिकारियों के उपर निम्नानुसार कार्यवाही करें तथा चाही गई जानकारी आज ही मुझे उपलब्ध करावें। स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन अनुज्ञा, भवन संधारण, वाहन, सम्पत्तिकर, शासन, निगम मद सहित सभी विभागों की चर्चा जारी है।

महापौर परिषद की बैठक में नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दुर्गा प्रसाद साहू, साकेत चन्द्राकर, नरेश कोठारी, सूर्यकान्त सिन्हा, केशव कुमार बंछोर, डॉ. दीवाकर भारती, जोहन सिन्हा, श्रीमती सुशीला देवांगन, सुभद्रा सिंह, सदीरन बानो, सुश्री सोसन लोगन, निगम आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सत्येन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, तपन अग्रवाल, मूर्ति शर्मा, एस0पी0 साहू, डी0के0 वर्मा, वाई0आर0के0 राव, सचिव जीवन वर्मा सहित निगम के अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी